卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 198 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦25 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


# 12वीं में गीतिका व सुशीला, 10वीं में अक्षत टॉपर

**उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित,बालिकाओं ने फिर गाड़े सफलता के झंडे, हाईस्कूल में 92.10 और इंटर में 85.11 प्रतिशत रहा परिणाम**



रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के बहुप्रतीक्षित परिणाम शनिवार को घोषित कर दिए गए। रामनगर स्थित बोर्ड मुख्यालय में प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आधिकारिक रूप से परीक्षा फल जारी किया। इस वर्ष के परिणामों में एक बार फिर छात्राओं ने बाजी मारकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाईस्कूल का कुल पास प्रतिशत 92.10 रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.33 प्रतिशत बेहतर है। वहीं, इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 85.11 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसमें पिछले वर्ष के मुकाबले 1.88 प्रतिशत का सुधार देखा गया है। शिक्षा मंत्री ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।हाईस्कूल परीक्षा के विवरण पर नजर डालें तो इस वर्ष कुल 1,12,266 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,08,983 मुख्य परीक्षा में शामिल हुए और 1,00,373 परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की। बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.03 रहा, जबकि बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 96.07 प्रतिशत




सफलता दर प्राप्त की। प्रदेश की मेरिट सूची में रामनगर के एमपी हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र अक्षत गोपाल ने 500 में से 491 अंक(98.20%) प्राप्त कर पूरे उत्तराखंड में प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## सफल मेधावियों को राज्यपाल और सीएम ने दी बधाई

देहरादून। उत्तराखंड बोर्ड द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी सफल छात्र छात्राओं को हार्दिक बधाई दी है। दोनों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते (शेष पृष्ठ सात पर)

# बेनी मजार पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**हाईवे चौड़ीकरण और रेलवे विस्तारीकरण के लिए प्रशासन ने की कार्रवाई**





किच्छा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। बरेली नैनीताल स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण और रेलवे लाइन के विस्तारीकरण के मार्ग में बाधा बन रही बेनी मजार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हटा दिया गया। इस कार्रवाई के साथ ही हाईवे के विस्तारीकरण और विकास कार्यों का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। प्रशासन द्वारा की गई यह कार्रवाई अचानक नहीं थी। रेलवे और जिला प्रशासन द्वारा मजार संचालकों को काफी समय पहले ही नोटिस जारी कर इसे स्वयं हटाने या स्थानांतरित करने का समय दिया गया था। मजार संचालकों द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम न उठाए जाने के कारण प्रशासन को अंततः शनिवार प्रातः (शेष पृष्ठ सात पर)

# टॉपर सुशीला बोली पहले पढ़ाई जॉब बाद में

रूद्रपुर। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद के आज घोषित हुए परीक्षा फल में 12वीं कक्षा में रूद्रपुर की टॉपर भंजुराम अमर इंटर कालेज की सुशीला मेंहदीरत्ता ने 500 में से 490 (98 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सुशीला ने भूगोल में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उनका प्रथम उद्देश्य आगे की शिक्षा ग्रहण कर स्वयं को मजबूत करना है। भविष्य में वह क्या बनना चाहती है इसका वह वर्तमान में कोई लक्ष्य निर्धारित नही करना चाहती है। लेकिन जो करना है अच्छा ही करना है। उसने बताया (शेष पृष्ठ सात पर)



# नाबालिग छात्रा को स्कूल से ले जाकर जबरन भरी मांग

रूदपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बगवाड़ा में एक नाबालिग छात्रा को स्कूल से बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ जबरन शादी रचाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जब परिजनों ने इस कृत्य का विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की और महिला के कपड़े तक फाड़ दिए। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से खानपुर बस्ती, बिलासपुर (यूपी) निवासी सोमपाल ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री बगवाड़ा स्थित अपनी नानी के घर रहकर रामनगर मलसी सरकारी स्कूल में कक्षा 10 की पढ़ाई कर रही है। बीती 23 अप्रैल (शेष पृष्ठ सात पर)

## सेंट्रल स्कूल की छात्रा किडनैप, हड़कंप

काशीपुर। केंद्रीय विद्यालय में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा को किडनैप किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए गायब छात्रा का पता लगाना शुरू कर दिया।घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला थाना साबिक काशीपुर निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बीते 24 अप्रैल की सुबह लगभग 6:30 बजे कक्षा 12 व कक्षा 6 में पढ़ने वाली उसकी दोनो पुत्रियां रोजाना की भांति घर से सेन्ट्रल स्कूल (शेष पृष्ठ सात पर)

# श्रमिकों को फैक्ट्री गेट से खदेड़ा,युवती बेहोश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल सेक्टर 5 स्थित गार्ड कंज्यूमर प्रोडक्ट्स समाप्त होने के बाद फैक्ट्री गेट पर मौजूद पुलिस बल से सभी कर्मचारियों को फैक्ट्री कहा कि फैक्ट्री गेट पर धरना प्रदर्शन करना नियमों के विरूद्ध है यदि ऐसा





लि. आन्दोलित कर्मचारियों की प्रबंधतंत्र से हुई वाता बिना किसी परिणाम के गेट से दूर तक खदेड़ दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए किया जाता है तो आन्दोलित कर्मी के खिलाफ (शेष पृष्ठ सात पर)

# 2027 को लेकर फिर चर्चा में मेयर विकास शर्मा

**पूर्व में भी ठोक चुके हैं दावेदारी, अब सोशल मीडिया से धार्मिक मंच तक उठ रही आवाज**

रुद्रपुर। विधानसभा चुनाव 2027 भले ही अभी दूर हो, लेकिन रुद्रपुर की सियासत में इसे लेकर जोड़-तोड़ और गणित शुरू हो चुका है। इसी बीच विधायक पद के संभावित दावेदार के रूप में मेयर विकास शर्मा का नाम एक बार फिर चर्चा में आ रहा है। वैसे तो भाजपा में विधायक पद के दावेदार के रूप में विकास शर्मा कोई नया नाम नहीं हैं। वह वर्ष 2012, 2017 और 2022 में भी भारतीय जनता पार्टी से टिकट के लिए अपनी दावेदारी जता चुके हैं। हालांकि उन्हें टिकट नहीं मिल सका, लेकिन हर बार उनकी दावेदारी ने सियासी हलकों में हलचल जरूर पैदा की। अब एक बार फिर वही हलचल और अधिक मुखर होती नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर उनके समर्थक लगातार सक्रिय हैं। फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य प्लेटफॉर्म के माध्यम से पोस्ट, संदेश और अभियानों के जरिए 2027 में उन्हें भाजपा से टिकट दिए जाने की मांग खुलकर उठाई जा रही है। रुद्रपुर के मेयर होने के नाते उनके द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के चलते आम जनता के बीच उनकी (शेष पृष्ठ सात पर)



## बारात में भी गूंजा '2027 में विकास' का नारा

रुद्रपुर। बारातों में आमतौर पर फिल्मी गाने और धार्मिक भजन सुनने को मिलते हैं, लेकिन रुद्रपुर में एक बारात में राजनीतिक रंग देखने को मिला। श्याम टॉकीज रोड स्थित होटल कंचन तारा में दो दिन पूर्व पहुंची एक बारात में उस समय अलग ही माहौल बन गया, जब डीजे पर मेयर विकास शर्मा के समर्थन में गाना बजने लगा। बताया जा रहा है कि जैसे ही बारात होटल के गेट पर पहुंची, समर्थकों ने गाना शुरू कर दिया-'रुद्रपुर में फिर भगवा लहराएंगे, 2027 में विकास शर्मा को लाएंगे' इस गाने पर बारात में शामिल लोग झूमते नजर आए और माहौल पूरी तरह राजनीतिक रंग में रंग गया।गौरतलब है कि इससे पहले भी धार्मिक आयोजनों और सोशल मीडिया पर विकास शर्मा के समर्थन में आवाज उठती रही है। अब बारात जैसे सामाजिक आयोजनों में भी इस तरह (शेष पृष्ठ सात पर)

# दुकान से आर्टिफीशिल ज्वैलरी और नगदी उड़ाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि अज्ञात चोरों ने यहां सब्जी मंडी में एक दुकान के ताले तोड़ वहां से हजारों रूपये कीमत की आर्टिफीशियल ज्वैलरी और हजारों की नगदी चोरी कर ली। प्रात: घटना की जानकारी मिलने पर दुकान स्वामी ने इसकी जानकारी व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा को दी। जिनकी सूचना पर बाजार चौकी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुकान स्वामी से आवश्यक पूछताछ की। जानकारी के अनुसार इन्द्रा कालोनी गली नम्बर तीन निवासी सौरभ देवल पुत्र चन्द्रप्रकाश की सब्जी मंडी में सौरभ जनरल स्टोर नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात्रि वह दुकान बंद कर घर गये थे। शनिवार प्रात: जब वह दुकान खोलने आये तो देखा दुकान में ताले टूटे हुए हैं और कई बॉक्स खुले बिखरे हुए हैं। उन्होंने मामले की जानकारी व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा को दी। सूचना मिलते ही वह



अन्य साथी व्यापारियों पवन गाबा, प्रांचल गाबा, मुलखराज सुखीजा, अमर परूथी आदि के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने सौरभ से घटना की जानकारी लेकर पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलने पर बाजार चौकी पुलिसकर्मी वहां आ गये और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुकान स्वामी सौरभ से आवश्यक जानकारी ली। अध्यक्ष संजय जुनंजा ने शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि रात्रि शहर के बाजार की सुरक्षा पुलिस ने व्यापारियों पर ही छोड़ खुद वसूली करने में लग गये है। लगातार चोरियों की घटनायें होने के बाद भी इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। दुकान स्वामी ने बताया चोरी की इस घटना में चोर दुकान से करीब 40 हजार रूपये कीमत के आर्टिफीशियल मंगलसूत्र, चूड़े, गले के सैट, चोटी आदि सामान सहित लगभग 5 हजार रूपये की नगदी भी ले गये हैं। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।


# उत्तराखण्ड में चमका रामनगर का लाल अक्षत

## बिना ट्यूशन और मोबाइल से दूरी बनाकर 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ रचा इतिहास

रामनगर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणामों में रामनगर के होनहार छात्र अक्षत गोपाल ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे



प्रदेश का नाम रोशन किया है। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले अक्षत ने हाईस्कूल की परीक्षा में असाधारण प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की वरीयता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। रामनगर स्थित एमपी हिंदू इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र अक्षत गोपाल ने 500 में से कुल 491 अंक अर्जित कर 98.2 प्रतिशत के साथ टॉप किया है। अक्षत की इस सफलता की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग या ट्यूशन के यह मुकाम हासिल किया है। अपनी सफलता के मूल मंत्र को साझा करते हुए अक्षत ने बताया कि उन्होंने रोजाना 4 से 5 घंटे की नियमित स्व-अध्ययन को अपनी दिनचर्या बनाया। इस दौरान उन्होंने मनोरंजन और मोबाइल फोन से पूरी तरह दूरी बनाए रखी और केवल अपनी किताबों व शिक्षकों के मार्गदर्शन पर ही ध्यान केंद्रित किया। यही कड़ा अनुशासन और एकाग्रता उनकी इस बड़ी जीत का आधार बनी। भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए अक्षत गोपाल ने कहा कि मेरा सपना आगे चलकर एक सफल इंजीनियर बनने का है। मैंने परीक्षा की तैयारी के लिए बस नियमित रूप से पढ़ाई की और अपने गुरुजनों द्वारा बताए गए रास्ते का अनुसरण किया। मैंने घर पर ही रहकर स्वयं तैयारी की और कभी ट्यूशन का सहारा नहीं लिया। अक्षत ने अपनी इस गौरवशाली उपलब्धि का पूरा श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के निरंतर सहयोग को दिया है। बेटे की इस स्वर्णिम सफलता पर उनके पिता गोपाल, जो कि एक निजी शिक्षक हैं, भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि अक्षत की मेहनत आज रंग लाई है और उसने पूरे परिवार का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। अक्षत की सफलता से प्रेरित होकर उनकी छोटी बहन, जो सातवीं कक्षा की छात्रा है, भी अब बड़े सपने देख रही है। रामनगर के इस होनहार लाल की उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि संकल्प दृढ़ हो और परिश्रम ईमानदारी से किया जाए, तो संसाधनों की कमी कभी मार्ग में बाधा नहीं बनती। वर्तमान में अक्षत के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।




# गदरपुर में भवन गणना को लेकर घर-घर सर्वे शुरू

गदरपुर(उद संवाददाता)। तहसील प्रांगण में शनिवार को भवन गणना को लेकर विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की भारी भीड़ देखने को मिली। भारत सरकार द्वारा पूरे देश में कराई जा रही इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के तहत गदरपुर में भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कर्मचारियों को सर्वे से संबंधित सामग्री (बसे/किट) वितरित की गई और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि भवन गणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एक सुपरवाइजर के अधीन 6 कर्मचारियों की टीम बनाई गई है। ये टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर भवनों का सर्वे करेंगी।उन्होंने बताया कि यह सर्वे मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जिससे डेटा सीधे ऑनलाइन दर्ज होगा और प्रक्रिया





पारदर्शी एवं तेज बनेगी। यह अभियान 25 अप्रैल से 24 मई तक चलाया जाएगा, जिसमें कर्मचारी घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे।भवन गणना के दौरान प्रत्येक परिवार से करीब 31 सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें मकान की स्थिति, उपयोग, सुविधाएं आदि से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। इस प्रक्रिया का उद्देश्य देश में भवनों की सही संख्या और उनकी स्थिति का आंकलन करना है, ताकि भविष्य की योजनाओं और विकास कार्यों को बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे सर्वे टीम को सही जानकारी देकर सहयोग करें, ताकि यह महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो सके।

# वकार बचाओ सम्मेलन में शामिल होगा उत्तराखंड का शिष्टमंडल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मोमिन अंसार सभा के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष जहीर आलम अंसारी ने एक बयान में बताया कि आगामी 26 अप्रैल, दिन रविवार को लखनऊ के चारबाग स्थित रवींद्रालय में आयोजित होने वाले 16वें राष्ट्रीय पसमांदासामाजिक व सियासी वकार बचाओ सम्मेलन में उत्तराखंड से एक प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा।उन्होंने बताया कि संगठन के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अकरम अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में उत्तराखंड से उनके साथ नसीम अहमद वारसी, रजा अली अंसारी, मुख्तार अंसारी, फारुख अंसारी, मोहम्मद नाजिम और शानू खान सहित राज्य के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगे। उन्होंने बताया घ्सम्मेलन के मुख्यबिंदु पसमांदा मुसलमानों, अंसार समाज, बुनकरों और दस्तकारों को उनकी आबादी के अनुपात में राजनीति और शासन में भागीदारी दिलाना, समाज के पिछड़े वर्गों के सम्मान और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए संघर्ष को तेज करना है। सम्मेलन में उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, झारखंड, महाराष्ट्र और राजस्थान सहित 15 से अधिक राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष जहीर अंसारी ने कहा मोमिन अंसार सभा पिछले 16 वर्षों से समाज को संगठित करने का काम कर रही है।

# साइबर ठगों ने बैंक खाते से उड़ाये एक लाख

रूदपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत फुलसुंगा क्षेत्र में एक व्यक्ति के बैंक खाते से साइबर ठगों ने एक लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित को ठगी का पता तब चला जब उसके मोबाइल पर पैसे कटने के मैसेज आए। खास बात यह है कि पीड़ित की बैंक लिमिट कम होने के बावजूद खाते से बड़ी रकम पार कर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।जनपद रोड, फुलसुंगा महालक्ष्मी फेस-2 निवासी सुरजीत सिंह पुत्र हुकम सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता है। बीती 19 अप्रैल 2026 की दोपहर लगभग 3:34 बजे उनके मोबाइल फोन पर अचानक दो मैसेज आए। मैसेज चेक करने पर उनके होश उड़ गए; पहले मैसेज में खाते से 95,000 रुपये और दूसरे मैसेज में 5,000 रुपये कटने की सूचना थी। इस प्रकार कुल एक लाख रुपये उनके खाते से निकाल लिए गए। पीड़ित ने बताया कि जब उन्होंने बैंक जाकर इस संबंध में पूछताछ की, तो बैंक अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह रकम यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर की गई है। सुरजीत सिंह ने तहरीर में इस बात पर भी हैरानी जताई है कि उनके बैंक खाते की डेली ट्रांजैक्शन लिमिट मात्र 25,000 रुपये निर्धारित है, ऐसे में एक बार में इतनी बड़ी रकम का कटना बैंक की सुरक्षा प्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है। पीड़ित ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने और उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस साइबर सेल की मदद से मामले की छानबीन कर रही है।

# मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर में उमड़े लोग

## निरंकारी मिशन ने बाबा गुरबचन सिंह को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता)। मानव एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को संत निरंकारी सत्संग भवन हरिद्वार बाईपास रोड में भव्य रक्तदान शिविर का सुखीजा ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिनमें करीब 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया शिविरों के माध्यम से लगभग 15,20,230 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। देहरादून में आयोजित शिविर को सफल बनाने में मसूरी जोन जांच के बाद सुव्यवस्थित ढंग से 269 यूनिट रक्त संकलित किया। मिशन के अनुसार यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा गतिविधियों का शुभारंभ है,





आयोजन किया गया। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में और सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से आयोजित इस शिविर में सेवादारों और श्रद्धालुओं ने भारी उत्साह दिखाया। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिन्दर गया है। यह आयोजन निष्काम सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का अनूठा उदाहरण बनकर उभरा।रक्तदान की यह पावन परंपरा मिशन द्वारा पिछले चार दशकों से निरंतर निभाई जा रही है। आंकड़ों के अनुसार अब तक 9,174 55 के जोनल इंचार्ज हरभजन सिंह और स्थानीय संयोजक नरेश विरमानी सहित सेवादल के भाई-बहनों का विशेष योगदान रहा। दून मेडिकल कॉलेज और इंद्रेश अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जिसके तहत देशभर में कुल 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने का लक्ष्य है। पूरा आयोजन स्वच्छता, सतर्कता और सेवा भाव के साथ संपन्न हुआ जो मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बना।

## उत्तराखण्ड बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा के टॉप-10 मेधावी छात्रों की सूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अक्षत गोपाल | रामनगर, नैनीताल | 98.20% |
| 2 | इशांत कोठारी | चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी | 98.00% |
| 3 | भूमिका | खैरना, नैनीताल | 98.00% |
| 4 | योगेश जोशी | मंडलसेरा, बागेश्वर | 97.80% |
| 5 | शशांक पुरोहित | श्रीनगर, पौड़ी गढ़वाल | 97.20% |
| 6 | लविश | रुड़की, हरिद्वार | 96.80% |
| 7 | आदित्य विश्वकर्मा | देहरादून | 96.80% |
| 8 | प्रांजल सिंह | चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी | 96.80% |
| 9 | देवेश जोशी | हल्दूचौड़, नैनीताल | 96.80% |
| 10 | कंचन जोशी | हरिपुरा हरसान, उधमसिंहनगर | 96.80% |

## उत्तराखण्ड बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉप-10 मेधावी छात्रों की सूची

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | गीतिका पंत | बागेश्वर | 98.00% |
| 2 | सुशीला महंदीरत्ता | भूरारानी,रूद्रपुर | 98.00% |
| 3 | आर्यन | ऋषिकेश, देहरादून | 97.80% |
| 4 | वंशिका | मायापुर, हरिद्वार | 97.00% |
| 5 | कशिश शर्मा | रानीपुर, हरिद्वार | 96.60% |
| 6 | तनिषा सी राजा | रुड़की, हरिद्वार | 96.60% |
| 7 | नेहा शर्मा | रुद्रपुर | 96.60% |
| 8 | खुशी काण्डपाल | कांडा, बागेश्वर | 96.40% |
| 9 | शिवम मलेठा | अगस्त्यमुनि,रुद्रप्रयाग | 96.20% |
| 10 | वेदांत पपनै | देघाट, अल्मोड़ा | 96.20% |

# 23वीं प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस हॉकी प्रतियोगिता शुरू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डॉ० मंजूनाथ टीसी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल के नेतृत्व में जनपद नैनीताल के मानसभंडार खेल परिसर, अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार में 23वीं प्रादेशिक जनपद/वाहिनी महिला पुरुष पुलिस हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ० जगदीश चंद्र, पुलिस अधीक्षक अपराध /यातायात नैनीताल, मनोज कुमार कत्याल, पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी, रेवाधर मठपाल, एसपी संचार नैनीताल, अमित कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी, सुमित पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी रामनगर, सीओ (प्रशिक्षु) विनय सिंह, सीओ (प्रशिक्षु) अंकित थपलियाल, निरीक्षक अभि0सूचना ज्ञानेंद्र शर्मा , हरकेश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन नैनीताल, विजय मेहता, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, दिनेश फर्त्याल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, विमल मिश्रा, थानाध्यक्ष काठगोदाम सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह के दौरान टीमों का मैदान में फॉल-इन, मुख्य अतिथि का स्वागत, टीम मैनेजरों द्वारा परिचय, मार्च पास्ट एवं मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की गई। इसके साथ ही गत वर्ष के व्यक्तिगत चौंपियन एवं नैनीताल टीम कप्तान द्वारा सभी खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अनुशासन की शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिता में कुल 09 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। जिनमें जनपद अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, 31वीं वाहिनी पीएसी, 40वीं वाहिनी पीएसी, 46वीं वाहिनी पीएसी, आईआरबी प्रथम, आईआरबी द्वितीय व जनपद नैनीताल की टीमें शामिल हैं। शुक्रवार को खेले गए मैचों में 46वीं वाहिनी पीएसी नैनीताल से 0-7 गोल से विजेता रही।आईआरबी प्रथम ने 40 वीं वाहिनी को 4-1से पराजित किया, 31वीं वाहिनी पीएसी ने जनपद पिथौरागढ़ को 6-1 से हराया, वहीं जनपद ऊधमसिंह नगर अल्मोड़ा पर 4-1 से विजेता रही। प्रतियोगिता का समापन समारोह 26 अप्रैल को सायं 5:00 बजे आयोजित होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य पुलिस बल में खेल भावना, टीम वर्क एवं शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।



# गदरपुर में अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर प्रशासन का छापा, मिली खामियां

## अल्फा हॉस्पिटल के रिकॉर्ड में मिली ओवर राइटिंग पर विभाग जारी करेगा नोटिस

गदरपुर (उद संवाददाता)। शासन के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को गदरपुर क्षेत्र में संचालित विभिन्न पंजीकृत अल्ट्रासाउंड केंद्रों का तहसील प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य पीसीपी एनडीटी अधिनियम के तहत केंद्रों पर अनिवार्य दस्तावेजों और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करना था। टीम की इस अचानक कार्रवाई से अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया।औचक निरीक्षण अभियान में तहसीलदार गदरपुर देवेंद्र सिंह बिष्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. सिंह, जिला समन्वयक प्रदीप मेहर और अधिशासी सहायक गोपाल आर्य शामिल रहे। टीम ने केंद्रों पर जाकर तकनीकी कक्षों और रजिस्ट्रेशन काउंटरों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान तराई हॉस्पिटल और महाजन हॉस्पिटल में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। यहाँ एएनसी रजिस्टर, लॉग बुक और फॉर्म एफ का रख रखाव मानकों के अनुरूप मिला।इसके पश्चात जब टीम ने अल्फा हॉस्पिटल का रुख किया तो वहां कई प्रक्रियात्मक त्रुटियां सामने आईं। जांच में पाया गया कि अस्पताल के आधिकारिक रिकॉर्ड्स में कई स्थानों पर ओवर राइटिंग और कटिंग की गई थी। इसके साथ ही एएनसी रजिस्टर में मरीजों का पूरा पता भी दर्ज नहीं किया गया था। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई। एसीएमओ डॉ. एस.पी. सिंह ने बताया कि रिकॉर्ड में मिली इन खामियों के स्पष्टीकरण हेतु अल्फा हॉस्पिटल को विभाग की ओर से औपचारिक नोटिस जारी किया जा रहा है। तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट ने सभी केंद्र संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि अल्ट्रासाउंड संबंधी दस्तावेजों में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और मरीजों की पूरी जानकारी अनिवार्य रूप से दर्ज हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# हेमवती नंदन बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती के अवसर पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने बहुगुणा को असाधारण व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि देश और दुनिया ने उन्हें एक कुशल प्रशासक, ओजस्वी वक्ता और प्रखर राजनेता के रूप में जाना है। वे सदैव किसानों और गरीबों के हितों के लिए समर्पित रहे और उनके कल्याण के लिए कार्य किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुगुणा का पर्वतीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए एक स्पष्ट विजन और मौलिक चिंतन था। उन्हें अपनी मिट्टी की संस्कृति और सभ्यता से गहरा लगाव था। अपनी विलक्षण प्रतिभा और जनसेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के बल पर उन्होंने भारतीय राजनीति में एक विशिष्ट और अमिट पहचान स्थापित की। मुख्यमंत्री ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके विचार और विकासपरक सोच आज भी प्रासंगिक है।

# दो लोगों के जीवन में उजाला फैलाएंगी ऊषा अनेजा की आंखें

गदरपुर (उद संवाददाता)। कुंज विहार कॉलोनी निवासी रमेश लाल अनेजा की धर्मपत्नी ऊषा अनेजा के देहावसान के पश्चात उनके परिजनों ने मानवता की सेवा में एक महान निर्णय लिया है। ऊषा अनेजा के निधन के बाद उनके पुत्र अंकुश अनेजा ने नेत्रदान हेतु अपनी सहमति प्रदान की, जिससे अब दो दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आ सकेगी। परिजनों के इस साहसी और प्रेरक निर्णय की क्षेत्र में मुक्त कंठ से सराहना की जा रही है।नेत्रदान की प्रक्रिया महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन एस के मित्तल की उपस्थिति में संपन्न हुई। सी आर मित्तल नेत्रदान केंद्र के मेडिकल डायरेक्टर डॉ एल एम उप्रेती के निर्देशन में आई टेक्नीशियन मनीष रावत ने सभी आवश्यक कागजी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत



सफलतापूर्वक प्रक्रिया को पूरा किया। इस पुनीत कार्य के अवसर पर शोक संतप्त परिवार के साथ आशीष अनेजा, रॉबिन फुटेला, नवीन खेड़ा, कपिल गेंदा, पंकज सेतिया, राहुल अनेजा, राजकुमार अनेजा और सचिन चावला मुख्य रूप से मौजूद थे।महाराजा अग्रसेन ग्लोबल चौरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने अनेजा परिवार के इस महान योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने सोचो डिफरेंट संस्था, भारत विकास परिषद एवं अन्य सभी स्वयंसेवी संस्थाओं का इस महती कार्य में निरंतर सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं मुक्तिधाम सेवा समिति ने भी इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि नेत्रदान जैसा पुनीत कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है, जिससे मृत्योपरांत भी किसी के जीवन को रोशन किया जा सकता है।

# कांग्रेस ने महिला जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

रामनगर (उद संवाददाता)। शुक्रवार को रामनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में पंचायती राज दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस ने विभिन्न पदों पर आसीन महिला प्रतिनिधियों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत और महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने महिला शक्ति का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा पंचायती राज में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने की पहल के आज 33 वर्ष पूरे हो गए हैं। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने 1991 में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का संकल्प लिया था, जिसे बाद में 1993 में कांग्रेस सरकार के दौरान ही कानूनी रूप दिया गया। रावत ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार केवल नाटक कर रही है कि विपक्ष ने महिला आरक्षण बिल को रोका है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब आरक्षण का प्रावधान पहले से मौजूद है, तो भाजपा उसे पूरी तरह लागू क्यों नहीं करती। रणजीत सिंह रावत ने आगे कहा कि आज भाजपा सरकार में महिलाएं सबसे ज्यादा उपेक्षित हैं और महिला अपराधों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य की सरकार केवल जनता और महिलाओं को भ्रमित करने का काम कर रही है। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने महिला सम्मान की रक्षा के लिए वर्तमान सरकार को सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्र की कई महिला प्रधान, बीडीसी सदस्य और कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने की योजनाओं की समीक्षा

## मलिन बस्तियों के बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के दिए निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य योगेश रजवार ने जिला प्रोबेशन कार्यालय में महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में बालकों हेतु राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेंसी और अनमोल फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बालकों के लिए बाल देखरेख संस्थान संचालित किए जा रहे हैं। जनपद में रूद्रपुर रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और खटीमा बस स्टेशन पर चाइल्ड हेल्प लाइन की डेस्क 24 घंटे सक्रिय है।बैठक के दौरान योगेश रजवार ने स्कूलों में बच्चों और अभिभावकों के साथ बैठक कर पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देने के निर्देश दिए ताकि ऐसे मामलों में कमी लाई जा सके। उन्होंने विशेष रूप से मलिन बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर जोर दिया। बाल कल्याण समिति ने अवगत कराया कि संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की निरंतर काउंसलिंग की जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अक्टूबर 2023 से अब तक 243 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिस पर आयोग के सदस्य ने अभियान के वास्तविक परिणामों पर ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक के बाद उन्होंने राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया, जहां सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला परिवीक्षा अधिकारी डॉ. रत्नेश सिंह, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र, सदस्य उमेश, शंकर लाल, प्रभारी अधीक्षक चांदनी, वन स्टॉप सेंटर कोऑर्डिनेटर कविता बडोला और चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर संगीता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



# लोहाघाट में कराटे चैंपियनशिप का शुभारंभ

चंपावत। युवाओं में खेल भावना को सशक्त बनाने तथा आत्मरक्षा की महत्वपूर्ण विधा मार्शल आर्ट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को लोहाघाट स्थित युवा भवन में जिला कराटे चौंपियनशिप का शुभारंभ जिलाधिकारी चम्पावत श्री मनीष कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जनपद के विभिन्न विकासखंडों और दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ियों की बड़ी संख्या ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता को सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्गों में विभाजित किया गया, जिससे सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ।उद्घाटन अवसर पर जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक सुदृढ़ता का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण आधार भी है। खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक होते हैं।उन्होंने कहा कि कराटे जैसी विधाएं विशेष रूप से आत्मरक्षा के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता और त्वरित निर्णय क्षमता को भी विकसित करती हैं।जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पूरे समर्पण और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में मा अध्यक्ष जिला पंचायत श्री आनंद सिंह अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री गोविंद वर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री चंदन सिंह बिष्ट, कराटे कोच श्री दीपक सिंह अधिकारी, आयोजक मंडल के सदस्य, खेल प्रेमी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# हिमालयी राज्य आपसी सहयोग और अनुभवों से करें नीति निर्माण: धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में हिमालयी राज्यों के मध्य आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने, साझा चुनौतियों के समाधान हिमालयी राज्यों से समन्वय एवं नीति निर्धारण परिषद की प्रथम बैठक आयोजित की गई। बैठक के लिए समेकित रणनीति तैयार करने तथा क्षेत्रीय विकास को गति देने के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालयी राज्यों की भौगोलिक, पर्यावरणीय एवं सामाजिक परिस्थितियाँ समान होने के कारण आपसी सहयोग और अनुभवों के आदान-प्रदान से प्रभावी नीति निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि जिन हिमालयी राज्यों में विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य हुए हैं, उन कार्यों का विस्तृत अध्ययन बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में राज्य में अपनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इकॉनोमी और ईकोलॉजी में समन्वय के साथ मानव जीवन स्तर को बेहतर बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृति सम्पन्नता एवं जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। हिमालय और औषधियों के संरक्षण के क्षेत्र में राज्य में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण के दिशा में राज्य सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। जल स्रोंतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमालय और पर्यावरण सरंक्षण के क्षेत्र में जो संस्थान अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनका भी निरंतर सहयोग लिया जाए।



हिमालयी राज्यों की विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए हिमालयी राज्यों के विशेषज्ञों के साथ बैठक समय-समय पर बैठकों और विचार गोष्ठियों का आयोजन भी किया जाए। बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, पर्यटन, जैव विविधता संरक्षण, जल स्रोतों के संरक्षण तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बैठक में जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं, उस दिशा में तेजी से काम आगे बढ़ाये जायेंगे। मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने कहा कि हिमालयी राज्यों की चुनौतियों को दूर करने के लिए हिमालयी राज्य कैसे एकीकृत रूप में कार्य कर सकते हैं, इस दिशा में प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि देश की बड़ी आबादी को हिमालय से फायदा होगा। हिमालय के संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में कार्य करने के लिए हमें इस क्षेत्र में कार्य करने वाले राष्ट्रीय संस्थानों का भी नियमित सहयोग लेना होगा। हिमालयी राज्यों से समन्वय एवं नीति निर्धारण परिषद के सदस्य एवं विधायक श्री किशोर उपाध्याय ने कहा कि हिमालय एवं मध्य हिमालय क्षेत्र की अद्यतन वैज्ञानिक एवं पारिस्थितिकि स्थिति का अध्ययन होना चाहिए। हिमालयी नदियों के जल स्तर और प्रवाह का आंकलन करना भी जरूरी है। सदस्य एवं पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी ने कहा कि हिमालयी राज्यों को संगठित रूप से कार्य कर हिमालयी से संबंधित सभी सम्पदाओं और लोगों की आजीविका को बढ़ाने की दिशा में प्रयास करने होंगे। आचार्य डॉ. प्रशांत ने कहा कि हिमालयी राज्यों के लिए ज्वाइंट टास्क फोर्स बननी चाहिए। हिमालयी राज्यों की चुनौतियां लगभग एक जैसे होती हैं, इनके लिए मिलकर बेहमर नीति निर्धारण की दिशा में कार्य होने चाहिए। डॉ. जी.एस. रावत ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य होने चाहिए। पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि बुग्यालों का संरक्षण बहुत जरूरी है। जड़ी-बूटियों के क्षेत्र में राज्य में अनेक संभावनाएं हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव डॉ. आर.मीनाक्षी सुदंरम, सचिव शैलेश बगौली, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।






# महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग कराने के निर्देश

## ग्राम्य विकास मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा, महिला समूहों के प्रशिक्षण पर जोर

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम्य विकास, लघु एवं सूक्ष्म मध्यम उद्यम मंत्री भरत सिंह चौधरी ने विकास भवन सभागार में ग्राम्य विकास के विभिन्न योजना कार्यों की समीक्षा की। उन्होने ग्राम्य विकास के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में सभी योजनाओं में अच्छे कार्य हो रहे है लेकिन और बेहतर कार्य करने की हमेशा सम्भावना रहती है। ग्राम्य विकास मंत्री ने ग्राम्य विकास की अमृत सरोवर, ग्रोथ सेंटर, वीबीजी राम जी, ग्रामोत्थान रिप योजना, एनआरएलएम, लखपति दीदी, डेरी, मत्स्य पालन योजनाओं के साथ ही उद्योग विभाग की सीएम स्वरोजगार, पीएम रोजगार सृजन योजना, लघु सूक्ष्म, मध्यम उद्यम योजना (एमएसएमई) योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने कहा कि महिलाओं के आजीविका संवर्धन हेतु महिला समूहों को जिस क्षेत्र में वे कार्य कर रहे है उसकी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे अपने कार्यो को और बेहतर तरीके से कर सकें। उन्होने महिला समूहों द्वार उत्पादित उत्पादों का वैल्यू एडिशन व मार्केटिगं पर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को ऑनलाईन मार्केटिंग के साथ ही हाउस ऑफ हिमालया के माध्यम से मार्केटिंग कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा कि महिला समूहो को सिलाई का प्रशिक्षण देते हुए उनके माध्यम से स्कूली बच्चों, पुलिस, पीआरडी ड्रेस सिलाई करायी जाये ताकि उनकी आजीविका संवर्धन हो सकें। उन्होने जसपुर में गादी बोर्ड जो भी परिसम्पत्ति का चिन्हीकरण करते हुए उसमे कार्य योजना का प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी दिये। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने ग्राम्य विकास मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि जनपद में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। ग्राम्य विकास के कार्यो में जनपद अग्रणी रहा है व ग्राम्य विकास मंत्री ग्राम्य विकास के मार्गदर्शन में और आगे बढ़ेगा। मुख्य विकस अधिकारी दिवेश शाशनी ने कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में एलआरएलएम के तहत 8006, स्वयं सहायता समूह में 82 हजार सदस्य जुड़े है। उन्होने बताया कि 38275 लखपति दीदी है तथा 7054 स्वयं सहायता समूहों को 927 लाख का रिवाल्विंग फड जारी किया गया है। जनपद में 07 ग्रोथ सेंटर संचालित है जिनमे महिलाए बेकरी, मसाला, क्विल्ट रजाई, डेरी, मुंज घास हैंडीक्राफ्ट हैंडलूम का कार्य कर रही है।



उन्होने बताया कि जनपद में अमृत सरोवर बनाये गये है जिनमे आजीविका संवर्धन हेतु स्वयं सहायता समूहों को मछली पालन हेतु आवंटित किये गये है। जिसपर मंत्री ने ट्राउड मछली को बढ़ावा देने व उसकी मार्केटिगं व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने बातया कि जनपद में भारत सरकार व राज्य सरकार के माध्यम से 10 दिवसी सरस मेले का आयोजन किया गया था जिसमे जनपद के साथ ही विभिन्न प्रदेशों के समूहों द्वारा लगभग 170 स्टांल लगाये गये थे, जिनकी लगभग 4 करोड़ की विक्री भी हुई थी। उन्होने बताया कि रीप योजना के अन्तर्गत जनपद में 32 कलेक्शन सेंटर स्वीकृत है जिसमे से 08 कलेक्शन सेंटर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है व 17 कलेक्शन सेंटरों का कार्य निर्माणाधीन है तथा 7 कलेक्शन सेंटर हेतु भूमि चिन्हिकरण किया जा रहा है। उन्होने बताया कि रीप योजना के अन्तर्गत 28 महिलाओं को ई-रिक्शा संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है व 28 महिलाओं को पिंक ई-रिक्शा दिये गये है जिससे महिलाए अपना आजीविका संवर्धन कर रही है। जिला विकास अधिकारी ने वीबीजी राम जी योजना व महाप्रबंधक उद्योग ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, पीएम स्वरोजगार सृजन योजना व एमएसएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारिया दी। मंत्री ने कहा कि दुग्ध व्यवसाय हमारा परम्परागत व्यवसाय है इसको बढ़ावा दिया जाये तथा दुग्ध उत्पादों के वैल्यू एडिशन पर कार्य किया जाय साथ ही पशु पालकों को प्रशिक्षण भी दिया जाये। बैठक में सांसद प्रतिनिधि प्रीत ग्रोवर, राजेश बजाज, पीडी डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार व सभी खण्ड विकास अधिकारी आदि मौजूद थे।

# महापौर ने मुखर्जी नगर में दी पांच सड़कों की सौगात

## 27.61 लाख के निर्माण कार्यों का हुआ शिलान्यास

रुद्रपुर। वार्ड नंबर 05, मुखर्जी नगर के निवासियों की वर्षों पुरानी मांगों को प्राथमिकता देते हुए महापौर विकास शर्मा ने क्षेत्र के कायाकल्प की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। वार्ड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महापौर ने 27.61 लाख रुपये की लागत से बनने वाली विभिन्न सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों का विधिवत नारियल फोड़कर और फीता काटकर शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने महापौर का फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।शिलान्यास कार्यक्रमों की श्रृंखला में महापौर ने शिव गोलदार के घर से अशोक विश्वास के घर तक (4.24 लाख), चिंतामणि के घर से सुनील के मकान तक (5.79 लाख), श्री श्याम गली मार्ग में सुरेंद्र कुमार से आनंद ढाली के घर तक (7.79 लाख), आयुष डेयरी से हासीम के घर तक (4.78 लाख) और रंजन सिंह के मकान से राजेंद्र के घर तक (5.01 लाख) की लागत से बनने वाली सड़कों व नालियों का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि इन गलियों के निर्माण से क्षेत्र में जलभराव की समस्या खत्म होगी और आवागमन सुगम होगा।जनसभा को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा आज उत्तराखंड में धाकड़ धामी के नेतृत्व में विकास की जो गति है, वह अभूतपूर्व है। राज्य सरकार के सहयोग से ही नगर निगम रुद्रपुर आज हर वार्ड के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने में सक्षम हो पा रहा है। हमारी सरकार का विजन केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि धरातल पर काम उतारना है। महापौर ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की धामी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि आयुष्मान योजना से लेकर अंत्योदय कार्ड धारकों तक को मिल रही सुविधाएं सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण हैं।नगर निगम की भावी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए महापौर ने कहा कि उनका लक्ष्य रुद्रपुर को स्मार्ट और क्लीन सिटी बनाना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में मुख्य सड़कों के साथ-साथ वार्डों के आंतरिक मार्गों का जाल बिछाया जाएगा। जल निकासी के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान पर काम चल रहा है। साथ ही, शहर को हरा-भरा करने के लिए निगम अपनी नर्सरी विकसित कर रहा है, जिससे वार्डों में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। महापौर ने विश्वास दिलाया कि मुखर्जी नगर ही नहीं, बल्कि शहर का हर कोना आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।महापौर ने स्थानीय पार्षद और वार्डवासियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जनता का प्यार ही उन्हें ऊर्जा देता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और समय सीमा के भीतर सभी सड़कों का काम पूरा होगा। इस अवसर पर पार्षद कुसुम शर्मा,राधेश शर्मा, योगेश उपाध्याय, अमन मिश्रा, दिवान सिंह, सतेन्द्र सिंह, सचिन मिश्रश्रा, सुभाष बिष्ट, प्रभु यादव, खूबकरन, मलई विश्वास, संतोष गुप्ता, अमित मिश्रा, कमला फुलारा, मोहित कुमार, प्रीतम लाल, संजीव मण्डल, रिंकू मौर्या, सीता राम प्रजापति, सुरेश कुमार, छोटे लाल प्रजापति, ओमकार प्रजापति, तारा चन्द्र कश्यप, नरेन्द्र कश्यप आदि समेत तमाम लोग मौजूद रहे।







गृह मंत्रालय भारत सरकार

# हमारी जनगणना हमारा विकास



## उत्तराखंड



**मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना**
**25 अप्रैल से 24 मई**

**आपसे क्या-क्या पूछा जाएगा?**

**मकान से संबंधित जानकारी:**
- भवन संख्या
- मकान के फ़र्श में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री
- मकान की दीवारों, छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री
- मकान का उपयोग
- मकान की स्थिति

**अन्य जानकारी:**
- परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य अनाज
- मोबाइल नंबर (केवल जनगणना संबंधी संचार के लिए)

**परिवार संबंधी जानकारी:**
- परिवार में सामान्यतः रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या
- परिवार के मुखिया का नाम, लिंग
- क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य से संबंधित है
- मकान के स्वामित्व की स्थिति
- परिवार के पास उपलब्ध कमरों की संख्या
- परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या

**सुविधाएँ:**
- पेयजल का मुख्य स्रोत
- पेयजल की उपलब्धता
- प्रकाश का मुख्य स्रोत
- शौचालय की उपलब्धता
- शौचालय का प्रकार
- गंदे पानी की निकासी
- स्नानघर की उपलब्धता
- रसोईघर एवं एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन की उपलब्धता
- खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईंधन

**परिसंपत्तियाँ:**
- रेडियो/ट्रांजिस्टर
- टेलीविजन
- इंटरनेट सुविधा
- लैपटॉप/कंप्यूटर
- टेलीफोन/मोबाइल/स्मार्टफोन
- साइकिल/स्कूटर/मोटरसाइकिल/मोपेड
- कार/जीप/वैन

» यह चरण जनसंख्या गणना का आधार तैयार करता है

» आपकी सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय और सुरक्षित रहेगी

**चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी**

CensusIndia2027

CBC 19108/13/0047/2627


# पति ने पत्नी और सास को बेरहमी से पीटा, ताले से सिर फोड़ा

रूदपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के आवास विकास में एक कलयुगी पति द्वारा अपनी पत्नी और सास के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल अपनी पत्नी को लाठी डंडों से पीटा बल्कि बीच-बचाव करने आई अपनी सास का ताले से प्रहार कर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी पति और सास के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। आवास विकास वार्ड नंबर 38 निवासी निशा पत्नी मलकीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति मलकीत सिंह उसके साथ अक्सर विवाद करता है। 23 अप्रैल को उसकी तबीयत खराब थी, जब उसने पति से दवा लाने के लिए पैसे मांगे तो मलकीत सिंह और उसकी माता हरजीत कौर गाली गलौच करने लगे और पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद जब निशा खुद दवा लेने गई तो पीछे से पति और सास घर पर ताला लगाकर किसी रिश्तेदार के यहाँ चले गए। निशा ने रात में किसी तरह घर के भीतर प्रवेश किया और उसकी माता भी उसके पास आ गई। आरोप है कि 24 अप्रैल की सुबह लगभग 5:00 बजे मलकीत सिंह घर पहुँचा और लाठी डंडों से निशा की पिटाई शुरू कर दी। उसने लात मारकर घर का दरवाजा तोड़ दिया और बीच-बचाव करने आई निशा की माता पर घर के ताले से हमला कर दिया। आरोपी ने 8-10 बार ताले से प्रहार कर बुजुर्ग महिला का सिर फोड़ दिया, जिससे उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। मारपीट के बाद आरोपी ने ध मकी दी कि यदि वे घर से नहीं गईं तो वह उन दोनों को जान से मार देगा। डरी सहमी पीड़िता ने पुलिस से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए मलकीत सिंह और हरजीत कौर के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सड़कों का जाल और दुर्घटनायें

इसमें दोराय नहीं कि विकास में पिछड़े देश के मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ के दुर्गम इलाकों में भी अब सड़कों का जाल बिछ गया है, जिससे वहां का कठिन जनजीवन काफी हद तक आसान हो गया है। मगर सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सुरक्षित सफर का पहलू भी बेहद महत्त्वपूर्ण है। इस मसले पर शासन-प्रशासन के दावों के बावजूद सड़क हादसे कम होने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं।उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल जिले के चंबा क्षेत्र में बीते गुरुवार को एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार आठ लोगों की मौत हो जाने की घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा में खामियों और जोखिम को उजागर किया है। सवाल है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन, सड़कों की समुचित देखरेख और निर्माण में कमियों पर गंभीरता से ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या सिर्फ कागजों में योजनाओं और उपायों का खाका खींचने भर से सड़क दुर्घटनाएं कम हो जाएंगी? इन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने की जिम्मेदारी किसकी है?गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़क से सफर सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए थे। शीर्ष अदालत का यह कहना बेवजह नहीं था कि जिन खामियों को दुरुस्त किया जा सकता है, अगर उनकी वजह से सड़क हादसों में एक भी जान जाती है, तो यह संबंधित राज्य एवं प्राधिकरण की सुरक्षा जिम्मेदारी में कमी और लापरवाही को दर्शाता है। पहाड़ी राज्यों में तो भौगोलिक जटिलताओं की दृष्टि से सड़क दुर्घटनाओं का जोखिम ज्यादा होता है और ऐसे में वहां हर स्तर पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। मगर शायद ही इस पर कोई विशेष ध्यान दिया जाता है और यही लापरवाही आए दिन पहाड़ी इलाकों में बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। बुनियादी सुरक्षा सावधानियों की कमी, सड़कों पर अतिक्रमण, ज्यादा जोखिम वाली जगहों पर पैराफिट की मजबूत घेराबंदी एवं निगरानी का अभाव खतरे को और ज्यादा बढ़ा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें सड़क सुरक्षा को लेकर मजबूत एवं प्रभावी तंत्र विकसित करे, ताकि मानव जीवन की रक्षा हो सके। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में बुधवार रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसने कई परिवारों की खुशियां पलभर में छीन लीं। रीवा-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ड्रमंडगंज घाटी की ढलान पर यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक बेकाबू हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रक के ब्रेक फेल हो गए थे, जिसकी वजह से वह सामने चल रहे वाहनों पर चढ़ गया और एक के बाद एक कई गाड़ियों को टक्कर मार दी।

# स्नातक स्तरीय परीक्षा में एआई से रखी जाएगी पैनी नजर

### आयोग अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक, परीक्षा केंद्रों पर जैमर और बायोमेट्रिक अनिवार्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आगामी 17 मई को आयोजित होने वाली स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक के दौरान आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने स्पष्ट किया कि परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की छोटी सी चूक भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस परीक्षा को पूरी गंभीरता के साथ निर्विघ्न और बाधा रहित ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर तैनात केंद्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों और इनविजिलेटरों को अत्यंत सजग होकर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक और पर्यवेक्षक परीक्षा से दो दिन पूर्व ही केंद्रों का भौतिक निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद करेंगे। परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, घड़ी या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट को ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में पर्याप्त क्षमता वाले जैमर अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग और बायोमेट्रिक उपस्थिति केंद्र के मुख्य गेट पर ही पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए एआई आधारित तकनीक का भी उपयोग करने का प्रयास किया जा रहा है, जो मानकों के उल्लंघन की स्थिति में तत्काल अलर्ट जारी करेगा। मर्तोलिया ने जोर देते हुए कहा कि परीक्षा ड्यूटी एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और अभ्यर्थियों का प्रवेश निर्धारित समय पर ही सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रश्नपत्रों के बंडल सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में ही रखे और खोले जाएं। आयोग स्तर पर एक विशाल कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जा रहा है, जहां से प्रदेश भर के केंद्रों की लाइव सीसीटीवी फुटेज के जरिए निगरानी की जाएगी। उन्होंने सभी इनविजिलेटरों को चौतन्य होकर कार्य करने और शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने की हिदायत दी। बैठक में उपस्थित अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने आयोग अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा और पूरी सतर्कता के साथ जनपद में परीक्षा आयोजित होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक क्राइम जितेन्द्र चौधरी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ पंकज कुमार शुक्ल, प्रभारी मुख्य शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप, उप जिलाधिकारी ऋचा सिंह सहित विभिन्न केंद्रों के व्यवस्थापक और अधिकारी मौजूद रहे।



# दिनेशपुर में महानाम संकीर्तन की तैयारियां जोरों पर

दिनेशपुर (उद संवाददाता)। नगर के सब्जी मार्केट स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले अष्टम प्रहर व्यापी महानाम संकीर्तन को लेकर धर्मपरायण जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। 27 अप्रैल से 29 अप्रैल तक चलने वाले इस भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को भव्य रूप देने के लिए मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है और क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता व युवा सक्रिय रूप से व्यवस्थाएं जुटाने में लगे हुए हैं। आयोजन की सफलता के लिए शनिवार प्रातः मातृशक्ति और युवाओं की टोली ने भक्तिभाव के साथ भोर कीर्तन और प्रभात फेरी निकाली। यह प्रभात फेरी कीर्तन स्थल से प्रारंभ होकर वार्ड नंबर 4 अंबेडकर पार्क और मुख्य मार्ग से होते हुए गुरुद्वारा व बालाजी मंदिर गली के रास्ते पुनः दुर्गा मंदिर पहुंची, जहां भोर कीर्तन को विश्राम दिया गया। इसके पश्चात देवव्रत राय के नेतृत्व में युवाओं का एक दल राधा रानी के जयकारों के साथ पारंपरिक रीति के अनुसार जंगल से लकड़ी लाने के लिए रवाना हुआ। आयोजन समिति से जुड़े देवव्रत राय ने जानकारी दी कि महानाम संकीर्तन को आकर्षक बनाने के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु शनिवार से ही तीन दिवसीय भोर कीर्तन का विधिवत शुभारंभ कर दिया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में दिनेशपुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। संकीर्तन के दौरान भक्तों के लिए विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय युवाओं द्वारा जनसहयोग और चंदा संग्रह का कार्य भी उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। इस अवसर पर देवव्रत राय, शिरवा ढाली, प्रभा राय, दुलाली राय, निराला मल्लिक, सनेका मंडल, शेफाली चकलादर, राधा विश्वास, कंचन ढाली, फूल माला, ईतू राय, दीपाली बैरागी, सुजाता राय, अनिता राय, मुन्नी देवी, शोष्टि ढाली, रमा गोस्वामी, सरस्वती विश्वास उर्फ लाली, हेमा चक्रवर्ती, सुधा चक्रवर्ती, बसंती चक्रवर्ती, विनोद विश्वास, दिलीप ढाली, शुभम मल्लिक, भोला मंडल, कुशल मल्लिक, खितिश बैरागी, कन्हाई हालदार, शुभम राय, सूरज ढाली, पीयूष मंडल, दीपू ढाली, संजीव मंडल, अमित विश्वास, रोहित एवं मोहित, भोला मंडल, कृष्ण सरकार, सबूज मंडल और भोला पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# अस्पताल में घुसकर की महिला डॉक्टर और मैनेजर से अभद्रता

रूदपुर (उद संवाददाता)। शहर के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में घुसकर एक दबंग युवक द्वारा मैनेजर और महिला डॉक्टर के साथ अभद्रता व गाली-गलौज करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने अस्पताल बंद करवाने और स्टाफ को जिंदा जलाने की धमकी भी दी है। अस्पताल के डायरेक्टर की तहरीर पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।कात्यायनी मेडिकल सेंटर के डायरेक्टर डॉ. विल्सन जय जेवियर ने बगवाड़ा चौकी पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि 23 मार्च की शाम लगभग 5 बजे अमरजीत सिंह पुत्र जोगिन्दर सिंह, निवासी ओमैक्स (सिडकुल चौकी, पंतनगर) अस्पताल पहुंचा। आरोप है कि अमरजीत ने अस्पताल में घुसते ही मैनेजर गगनप्रीत सिंह के साथ बिना किसी कारण के गाली-गलौज शुरू कर दी और उन्हें डराया-धमकाया।हंगामा यहीं नहीं रुका, आरोपी जबरन अस्पताल की सीनियर महिला डॉक्टर के केबिन में घुस गया। वहां उसने डॉक्टर के साथ भी अभद्रता की और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। जाते समय आरोपी ने पूरे अस्पताल स्टाफ को खुलेआम धमकी दी कि वह अस्पताल में ताला लगाकर सबको अंदर बंद कर देगा और जिंदा जलाकर मार डालेगा।डॉ. जेवियर ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपी दबंग किस्म का व्यक्ति है, जिससे अस्पताल के कर्मचारियों और डॉक्टरों को जान-माल का गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पहाड़ी आर्मी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी (नैनीताल)। मदरसन सिडकुल, लालकुआँ में श्रमिकों के समर्थन में पहुँचे सामाजिक कार्यकर्ता पीयूष जोशी के साथ कथित पुलिस बदसलूकी के विरोध में शनिवार को 'पहाड़ी आर्मी उत्तराखण्ड' ने जिलाधिकारी नैनीताल को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की माँग करते हुए चेतावनी दी है कि समयबद्ध कार्रवाई नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि 20 अप्रैल 2026 को हल्दूचौड़ स्थित मदरसन कंपनी में कर्मचारियों के समर्थन में पहुँचे पीयूष जोशी के साथ पुलिस का व्यवहार निंदनीय था। संगठन ने सवाल उठाया कि क्या कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना भी अपराध है। उन्होंने दावा किया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पुलिस का अमानवीय रवैया स्पष्ट दिखाई देता है। ज्ञापन के अनुसार, काठगोदाम थाना प्रभारी हरपाल सिंह पर धरना स्थल पर पीयूष जोशी के साथ अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालकुआँ की मेडिको-लीगल रिपोर्ट (20 अप्रैल 2026) में उनके गले पर चोट दर्ज होने की बात कही गई है। इसके बाद 21 अप्रैल को उन्हें हिरासत में लिया गया और 22 अप्रैल को रिहाई के पश्चात सुशीला तिवारी अस्पताल में 101.4 डिग्री फारेनहाइट बुखार के चलते भर्ती कराना पड़ा। पहाड़ी आर्मी का कहना है कि पीयूष जोशी पिछले तीन वर्षों से नशे के खिलाफ अभियान चला रहे हैं, जिसके चलते वे कथित तौर पर नशा तस्करों के निशाने पर हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि पुलिस का एक वर्ग भी उन्हें प्रताड़ित कर रहा है। जिलाध्यक्ष कांडपाल ने कहा कि देवभूमि में लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना अपराध नहीं है। यदि एक सप्ताह के भीतर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिला प्रशासन ने ज्ञापन स्वीकार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में लाल बहादुर शास्त्री राजकीय महाविद्यालय के छात्रसंघ द्वारा भी पूर्व में ज्ञापन सौंपा जा चुका है। फिलहाल पुलिस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।



# पोषण पखवाड़ा का हुआ समापन

गदरपुर । बाल विकास परियोजना द्वारा आयोजित किये गये आठवें पोषण पखवाड़ा समापन के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम किए गए। सीडीपीओ बीना भंडारी के नेतृत्व में प्राचीन सनातन धर्म मंदिर में आयोजित पोषण पखवाड़ा समापन कार्यक्रम में चार गोद भराई व 9 अन्नप्राशन करवाए गए। कार्यक्रम का संचालन आंगनबाड़ी कार्यकर्ती गीता सक्सेना द्वारा किया गया । इस दौरान हरप्रीत कौर,आनंदी देवी, गीता पपोला,सुनीता रानी,षष्ठी देवी,भारती, प्रेमलता, संगीता, सावित्री ,रेखा, मोनिका, बलविंदर,पार्वती ,सुमन, आयशा,शाहिदा, शबनम, शाइस्ता, ललिता, मुक्ता,लक्ष्मी, रेनू ,संगीता एवं किरण बाला आदि मौजूद रही।



# हाईस्कूल में भूमिका 93.60% अंक के साथ मेरिट में बनाई जगह

शक्तिफार्म। शक्तिफार्म क्षेत्र की होनहार छात्रा भूमिका फर्त्याल ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा-2026 में 93.60 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट सूची में 20वां स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह की लहर दौड़ गई है। बसगर ग्रामसभा की निवासी भूमिका एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता गोविंद सिंह सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गृहणी हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद भूमिका ने अपनी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया कि सफलता के लिए मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास सबसे जरूरी होते हैं।भूमिका जीजीआईसी, शक्तिफार्म की छात्रा हैं और शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और समर्पित रही हैं। उन्होंने नियमित अध्ययन, समय का सही उपयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बनाया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी उनकी इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए बताया कि भूमिका एक अनुशासित और मेहनती छात्रा रही हैं, जिन्होंने हर विषय को पूरी लगन से समझा और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जैसे ही भूमिका के उत्कृष्ट परिणाम की जानकारी क्षेत्र में पहुंची, लोगों ने उन्हें बधाइयाँ देना शुरू कर दिया। ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने इसे पूरे शक्तिफार्म क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और हर कोई उनकी इस सफलता को प्रेरणादायक बता रहा है। भूमिका ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता के त्याग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार का सहयोग और शिक्षकों की प्रेरणा उनके लिए सबसे बड़ी ताकत रही है। उन्होंने यह भी बताया कि वह आगे उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने जीवन में बड़ा मुकाम हासिल करना चाहती हैं और अपने क्षेत्र व परिवार का नाम और रोशन करना चाहती हैं।भूमिका फर्त्याल की यह सफलता आज क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा बन गई है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि कठिन परिस्थितियों में भी यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और मेहनत हो, तो किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।



# बालकिशन कोहली को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी निवासी भाजपा के बूथ अध्यक्ष बालकिशन कोहली के आकस्मिक निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं में शोक की लहर व्याप्त हो गई। भारी संख्या में पार्टी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्र के लोगों ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा कि स्वर्गीय कोहली अपने सरल, सौम्य एवं मिलनसार व्यक्तित्व के लिए जाने जाते थे। उन्होंने सदैव संगठन एवं समाज सेवा को प्राथमिकता देते हुए एक सच्चे कार्यकर्ता की भूमिका निभाई। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने स्व. कोहली के पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वेद ठुकराल, ताराचंद अग्रवाल, श्रीओम अग्रवाल, पंकज बांगा, अनुज अग्रवाल, बिट्टू चौहान आदि मौजूद थे।

# सैनिक कल्याण विभाग परिसर में बनेगा आधुनिक शौचालय





रूद्रपुर। पूर्व सैनिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग और उनके सम्मान एवं सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सैनिक कल्याण विभाग परिसर में शौचालय निर्माण कार्य का महापौर विकास शर्मा ने पार्षद बीनू और पूर्व सैनिकों के साथ मिलकर विधिवत शिलान्यास किया। इस परियोजना पर लगभग चार लाख रुपए की लागत आएगी जिससे परिसर में आने वाले आगंतुकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002 से इस परिसर में किसी भी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं थी। सैनिक कल्याण कार्यालय में अपनी समस्याओं और कार्यों के लिए आने वाले पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, उनके परिजनों और अन्य आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। शौचालय की सुविधा न होने के कारण विशेषकर वृद्ध पूर्व सैनिकों और महिलाओं को लंबे समय से परेशानियों से जूझना पड़ रहा था, जिसका समाधान अब महापौर की पहल पर होने जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें महापौर ने पूर्व सैनिकों के साथ सीधा संवाद किया और उनकी अन्य स्थानीय समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने सैनिकों से महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए और नगर निगम द्वारा शहर में चलाई जा रही विभिन्न विकास योजनाओं की विस्तार से जानकारी साझा की।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि हमारे पूर्व सैनिकों ने अपने जीवन का अमूल्य समय कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा और जनमानस की सेवा में समर्पित किया है। देश के इन नायकों का सम्मान करना और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम पूर्व सैनिकों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी उनके कल्याण के लिए हर संभव प्रयास जारी रखेगा। महापौर ने आश्वासन दिया कि शहर के विकास में सैनिकों के अनुभव और सुझावों को हमेशा प्राथमिकता दी जाएगी।शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान कर्नल चंद्र प्रकाश कोठारी, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, कैप्टन धन सिंह कोरंगा, सूबेदार भगवान सिंह, सूबेदार दरबान सिंह, डिप्टी कमांडेंट गोविंद भंडारी, हवलदार मदन पांडे, नायक मान सिंह मेहता, शेखर जोशी, हवलदार तारा सिंह राणा, मान सिंह खडायत, करम सिंह डागी, बिशन सिंह रावत और सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन सुंदर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी पूर्व सैनिकों ने नगर निगम की इस पहल का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## पेज एक का शेष...

**12वी में गीतिका व सुशीला...**संयुक्त रूप से उत्तरकाशी के ईशांत कोठारी और खेरना नैनीताल की भूमिका पंत रहे, जिन्होंने 490 अंक प्राप्त किए। भूमिका पंत ने बालिकाओं की सूची में भी शीर्ष स्थान पाया है। वहीं बागेश्वर के योगेश जोशी 489 अंकों के साथ प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहे। जनपदवार प्रदर्शन की बात करें तो बागेश्वर जिला 96.98 प्रतिशत परिणाम के साथ प्रदेश में अव्वल रहा। हाईस्कूल में 7,935 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर विशेष योग्यता हासिल की है।इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 1,02,986 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 1,00,452 परीक्षा में बैठे और 85,499 उत्तीर्ण घोषित किए गए। यहां भी छात्राओं का दबदबा कायम रहा, जहाँ बालकों का पास प्रतिशत 81.93 रहा तो वहीं बालिकाओं ने 88.09 प्रतिशत की सफलता दर हासिल की। इंटरमीडिएट की मेरिट सूची में बागेश्वर की गीतिका पंत और उधम सिंह नगर की सुशीला मेहंदीरत्ता ने 500 में से 490 अंक (98%) प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रदेश में टॉप किया है। ऋषिकेश के आर्यन ने 489 अंकों के साथ दूसरा और हरिद्वार की वंशिका ने 485 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। जनपदों के प्रदर्शन में बागेश्वर 94.81 प्रतिशत के साथ पुन: प्रथम स्थान पर रहा। कुल 7,814 परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस बार बोर्ड की मेरिट सूची में हाईस्कूल के 207 और इंटरमीडिएट के 105 छात्रों ने अपनी जगह बनाई है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उत्तराखंड के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं और सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के इतिहास में यह अब तक का सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। उन्होंने विशेष रूप से खुशी जताते हुए बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 92.10 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का 85.11 प्रतिशत रहा है, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हाईस्कूल में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 96.07 और इंटरमीडिएट में 88.09 रहा है, जिससे स्पष्ट होता है कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने समय पर परिणाम घोषित करने के लिए बोर्ड के अधिकारियों और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अप्रैल माह में ही नतीजे जारी कर दिए गए हैं ताकि छात्रों को आगे की कक्षाओं में प्रवेश लेने में कोई असुविधा न हो। डॉ. रावत ने यह भी रेखांकित किया कि प्रदेश का बागेश्वर जिला दोनों ही परीक्षाओं में शीर्ष पर रहा है, जो राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर में सुधार का प्रमाण है। अंत में उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और जो छात्र किसी कारणवश सफल नहीं हो पाए, उन्हें निराश न होकर आगामी सुधार परीक्षाओं के लिए अभी से मेहनत करने का संदेश दिया।

**टॉपर सुशीला बोली...** कि उसकी इस सफलता के पीछे उसके पिता योगेश मेहंदीरत्ता एवं माता ममता मेंहदीरत्ता सहित समस्त परिजनों विद्यालय के शिक्षकों का पूरा सहयोग रहा है। उसने बताया कि वह प्रतिदिन 4 से 5 घंटे पढ़ाई करती है,साथ ही घर की जिम्मेदारी का भी निर्वहन करती रहती हैं।

**सफल मेधावियों को ...**हुए उनकी इस उपलब्धि को प्रदेश के लिए गौरव का विषय बताया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने अपने संदेश में कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास और समर्पण का सार्थक परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता, अभिभावकों और शिक्षक समुदाय को भी विशेष रूप से बधाई दी, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से छात्र इस मुकाम तक पहुंचे हैं। राज्यपाल ने उन विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन किया जिन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। उन्होंने कहा कि जीवन में असफलता अंत नहीं है, आत्मविश्वास और नई ऊर्जा के साथ पुन: प्रयास करने पर सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम और अटूट संकल्प का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि विद्यार्थी इसी लगन के साथ अपने सपनों को साकार करेंगे और जीवन में नई ऊंचाइयों को छुएंगे। उन्होंने विशेष रूप से उन छात्रों को सांत्वना दी जिनका परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे विद्यार्थी धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ सतत प्रयास जारी रखें, वे निश्चित रूप से सफल होंगे। उन्होंने परीक्षा में सफलता पाने वाले बच्चों के परिजनों को भी अपनी ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

**बेनी बाजार पर चला...**जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करनी पड़ी। उल्लेखनीय है कि इससे दो दिन पूर्व ही लोक निर्माण विभाग और रेलवे की जद में आ रहे काली मंदिर की मूर्तियों को भी जिला प्रशासन ने पूरे सम्मान के साथ अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया था। उस समय भी मजार संचालकों को चेतावनी दी गई थी, लेकिन अतिक्रमण न हटने की स्थिति में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार के गतिरोध या अप्रिय घटना को रोकने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी, एसपी उत्तम सिंह नेगी और क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न थानों से भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। ध्वस्तीकरण के समय बरेली नैनीताल हाईवे पर यातायात को पूर्णत: प्रतिबंधित रखा गया और वाहनों को रुद्रपुर व रामेश्वरपुर की ओर डायवर्ट किया गया। प्रात: 8:00 बजे तक मजार हटाने का कार्य संपन्न होने के बाद हाईवे पर यातायात पुन: सुचारू कर दिया गया। मौके पर एहतियातन अभी भी पुलिस बल तैनात है। अपर जिला अधिकारी पंकज उपाध्याय ने मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इज्जतनगर रेलवे प्रशासन द्वारा इस अवैध संरचना को लेकर पूर्व में 26 मई 2023 और 18 सितंबर 2025 को नोटिस जारी किए गए थे। इन नोटिसों के माध्यम से प्रबंधकों से भूमि संबंधी दस्तावेज दिखाने को कहा गया था, किंतु प्रबंधकों द्वारा न तो कोई मालिकाना हक के कागज दिखाए गए और न ही अतिक्रमण को स्वयं हटाया गया। इसके बाद रेलवे ने जिलाधिकारी को 25 अप्रैल 2026 को पत्र लिखकर पुलिस प्रशासन के सहयोग की अपेक्षा जताई थी। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के दिशा निर्देशों के बाद आज तड़के भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर रेलवे की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई बेनी मजार को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। विगत कई वर्षों से नैनीताल बरेली हाईवे के चौड़ीकरण की योजना लंबित थी। क्षेत्र में औद्योगिक विकास की गति को देखते हुए सरकार द्वारा इसके लिए आवश्यक धनराशि भी जारी कर दी गई है और निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री के कड़े निर्देशों के अनुपालन में सड़क मार्ग में आ रहे सभी धार्मिक ढांचों और मजारों को या तो ध्वस्त किया जा रहा है या उन्हें सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। प्रशासन की इस निष्पक्ष और कड़ी कार्रवाई से हाईवे चौड़ीकरण के कार्य में अब तेजी आने की उम्मीद है।

**श्रमिकों को फैक्टी गेट से ....** मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस बल ने लाठियां फटकार कर सभी को वहां से खदेड़कर निधारित स्थान गांधी पार्क में आन्दोलन करने को जाने को कहा। इससे पूर्व फैक्ट्री गेट पर आज भी सैकडों की संख्या में फैंक्ट्री श्रमिक एकत्रित हुए और उन्होंने अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन के साथ धरना शुरू कर दिया। इस दौरान एक महिला श्रमिक के अचानक बेहोश हो जाने पर यह कहा जाने लगा कि पुलिस के लाठीचार्ज से महिला मिक बेहोश हुई है। जबकि पुलिस ने ऐसी बातों को पूरी तरह से बेबुनियाद बताया। इसी दौरान आन्दोलित श्रमिकों से फैक्ट्री प्रबंधन, श्रम अधिकारियों, तहसीलदार दिनेश कुटौला, पुलिस अधिकारियों आदि अधिकारियों ने वार्ता की। लेकिन समाधान नहीं हो सका। इधर मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी वहां आ पहुंचे और उन्होंने दोनों पक्षों से विस्तार से बातचीत की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की न्यायोचित मांगों पर प्रबंधन को सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर आन्दोलित श्रमिकों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को माना नहीं जायेगा वह धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

**सेंटल स्कूल की छात्रा..**आलू फार्म, बाजपुर रोड, काशीपुर ऑटो द्वारा पढ़ने गयीं थी। उसने बताया कि उसकी पुत्रियां जब 12 बजे तक घर नहीं पहुंची तो उसकी पत्नी स्कूल देखने गयी, वहां पर ऑटो में उसकी छोटी पुत्री बैठी मिली, जबकि बड़ी पुत्री गायब थी। उसे शक है कि बबलू जाटव निवासी श्यामपुरम कालोनी, काशीपुर, उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर उसका अपहरण कर स्कूल से ले गया है। क्योंकि इससे पूर्व भी लगभग 2 माह पहले बबलू जाटव उसकी पुत्री के आगे पीछे घूमता था और उसको बहलाने फुसलाने की कोशिश करता था और घर के भी काफी चक्कर लगाता था। उसने बताया कि वह बबलू जाटव के यहाँ अपनी पुत्री का पता करने गये थे, किन्तु उसके परिवारवालों ने उसे कुछ नहीं बताया। बबलू जाटव का मोबाइल नम्बर बन्द जा रहा है। उसे डर है बबलू जाटव उसकी नाबालिग पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना कारित ना कर दे।पुलिस ने तहरीर के आधार पर बबलू जाटव के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है

**नाबालिग छात्रा को स्कूल ....**को दोपहर करीब 1:30 बजे पुत्री स्कूल गई थी, लेकिन छुट्टी के बाद घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि बगवाड़ा भट्टा निवासी शिवा साहनी पुत्र मिथुन साहनी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। आरोप है कि उसी रात करीब 1बजे आरोपी शिवा साहनी के परिजनों-जिनमें उसकी मां शकीना, दादी चम्पा देवी, बुआ सीमा और चाची शामिल थीं,ने नाबालिग की जबरन मांग भरवा दी और उसे घर लेकर पहुंचे। जब पीड़िता के पिता ने अवैध विवाह का विरोध करते हुए पुलिस बुलाने की बात कही, तो आरोपी पक्ष आगबबूला हो गया। आरोपियों ने एकजुट होकर पीड़ित परिवार के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान छात्रा की मामी को बेरहमी से पीटा गया और उनके कपड़े फाड़ दिए गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नाबालिग के अपहरण, जबरन विवाह और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

2027 **को लेकर फिर...**पकड़ भी मजबूत होती दिखाई दे रही है। प्रतिदिन उनके आवास और नगर निगम कार्यालय में जनता की समस्याओं की सुनवाई और उसे पर कार्रवाई भी धरातल पर नजर आ रही है। खास बात यह है कि यह समर्थन अब केवल आम जनता या सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसकी गूंज धार्मिक मंचों तक भी पहुंच चुकी है। दरअसल, हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 2 अप्रैल 2026 को आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम की ऑडियो क्लिप इन दिनों वायरल हो रही है। हालांकि कार्यक्रम पुराना है, लेकिन इसके सामने आने के बाद एक बार फिर सियासी गर्मी बढ़ गई है। श्री नीलकंठ धाम में आयोजित इस कार्यक्रम में संत-महंतों की मौजूदगी के बीच भजन संध्या चल रही थी। माहौल पूरी तरह भक्ति में डूबा हुआ था, लेकिन तभी भजन के बोलों में बदलाव हुआ और उसमें राजनीतिक रंग घुल गया। 'जो राम को लाए हैं...' भजन के बीच गूंजा...'रुद्रपुर में फिर भगवा लहराएंगे, 2027 में विकास शर्मा को लाएंगे' जैसे ही यह नारा गूंजा, पूरा पंडाल उत्साह से भर उठा। श्रद्धालु झूमने लगे और माहौल समर्थकों के जोश में रंग गया। मौजूद संतों के आशीर्वाद ने भी इस माहौल को और मजबूती दी। इससे यह संकेत और स्पष्ट हो गया कि विकास शर्मा के समर्थक अब उन्हें केवल मेयर तक सीमित नहीं देखना चाहते, बल्कि विधानसभा तक पहुंचाने की तैयारी में हैं। उत्तराखंड की राजनीति में मेयर से विधायक बनने की कोशिशें पहले भी होती रही हैं। हल्द्वानी के दो बार मेयर रहे जोगेंद्र रौतेला को भाजपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया था। वहीं देहरादून के मेयर रहते हुए विनोद चमोली धर्मपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर विधायक बन चुके हैं। ऐसे में विकास शर्मा को लेकर उठ रही यह नई लहर आने वाले समय में और गति पकड़ सकती है। लेकिन इतना जरूर है किख्रसोशल मीडिया की मुहिम, धार्मिक मंचों की गूंज और समर्थकों का जोश.. यह सब मिलकर इशारा कर रहे हैं कि रुद्रपुर में 2027 की सियासत की पटकथा अभी से लिखी जाने लगी है। हालांकि, विधायक पद की दावेदारी को लेकर मेयर विकास शर्मा की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। बहरहाल, रुद्रपुर विधानसभा सीट पर भाजपा का टिकट किसे मिलता है, यह फैसला आने वाला समय ही तय करेगा। लेकिन यह लगभग तय माना जा रहा है कि पार्टी जिसे भी मैदान में उतारेगी, वही चेहरा संगठन की पहली पसंद बनेगाख्रऔर दावेदारी करने वाले तमाम चेहरे अंतत: उसी के समर्थन में नजर आएंगे।

**बारात में भी ...**के नारे गूंजना यह संकेत देता है कि उनके समर्थक 2027 को लेकर माहौल बनाने में जुटे हैं। कुल मिलाकर, सोशल मीडिया से लेकर धार्मिक मंच और अब सामाजिक आयोजनों तकख्रसमर्थकों की सक्रियता यह बताने के लिए काफी है कि विकास शर्मा की दावेदारी को लेकर जमीन पर माहौल तैयार किया जा रहा है।

# मानव एकता दिवस पर सत्संग का हुआ आयोजन





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मानव एकता दिवस पर बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन आशीर्वाद से एक विशाल सत्संग का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन गौजाजाली बरेली रोड में आयोजित हुआ। जिसमे हल्द्वानी ब्रांच के प्रचारक महात्मा गोविन्द सिंह बिष्ट ने सत्संग को संबोधित करते हुए अपने विचारों में कहा की युगदृष्टा बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य बोध के माध्यम से समाज को अंधविश्वासों और कुरीतियों से मुक्त कर, नशा मुक्ति, सादा विवाह और युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ जोड़ने जैसे लोक- कल्याणकारी अभियानों की प्रेरक शुरुआत की। उनके पावन मार्गदर्शन को आगे बढ़ाते हुए बाबा हरदेव सिंह जी ने "रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं" का अमर संदेश देकर रक्तदान को मिशन की आध्यात्मिक सेवा का अभिन्न अंग बना दिया। यह संदेश आज भी प्रत्येक निरंकारी भक्त के हृदय में सेवा और समर्पण की प्रेरक लौ बनकर जीवंत है। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवंत स्वरूप बनकर उभरा। संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200 स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिससे लगभग 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया। युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'जंगल की आग' पर कब 'संजीदा' होगा सिस्टम?

## फायर सीजन के पीक पर बुनियादी सुविधाओं को मोहताज फायर वाचर,तकरीबन आधा फायर सीजन गुजरने के बावजूद फायर वॉचेस को नहीं मिली खाद्य सामग्री एवं सुरक्षा किट

- अर्श-

रामनगर। उत्तराखंड के जंगलों में लगने वाली आग हर साल सैकड़ो हेक्टर जंगल को नष्ट करने के साथ-साथ करोड़ों की वन संपदा एवं अनगिनत वन्य जीव एवं पशु पक्षियों को भी निगल जाती है। सूबे के वन महकमे द्वारा तकरीबन हर वर्ष फायर सीजन की शुरुआत में जंगल की आग से निपटने का ब्लूप्रिंट तैयार किया जाता है, लेकिन परिणाम आमतौर पर ढ़ाक के तीन पात वाला ही रहता है। वन विभाग की तमाम तैयारी की बावजूद राज्य के जंगलों में हर वर्ष बड़े पैमाने पर आग फैलती है और प्रदेश की बेशकीमती वन संपदा को राख कर डालती है। चालू फायर सीजन में भी जंगल की आग से लड़ने की वन विभाग की तैयारी कुछ खास कारगर नहीं दिख पड़ती। इसलिए क्योंकि फायर सीजन के पीक में पहुंचने के बावजूद भी राज्य के कुछ वन प्रभागों में फायर वॉचर्स को आग से लड़ने की जरूरी किट एवं आवश्यक सुरक्षा संसाधन नहीं उपलब्ध कराए जा सके हैं ,जिसके चलते फायर वाचर को जंगल के मोर्चे पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । ज्ञात हो कि प्रदेश के रामनगर वन प्रभाग में जंगल के सिपाही आजकल बिना जूते-दस्ताने आदि सुरक्षा उपकरण के वन अग्नि से जूझते नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि जंगलों में आग लगते ही मौके पर सबसे पहले पहुंचने वालों में आधुनिक उपकरण सुसज्जित कोई बड़ी टीम नहीं होती, बल्कि एक फायर वॉचर होता है।एक ऐसा व्यक्ति, जो सीमित संसाधनों के बीच अपनी जान की परवाह किए बिना आग से मुकाबला करता है। यही लोग यानी फायर वॉचर



जंगल, वन्यजीव और पर्यावरण की रक्षा की पहली कड़ी होते हैं, लेकिन विडंबना ये है कि इन्हीं फायर वॉचर्स को चालू फायर सीजन में बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो पा रही हैं। हासिल जानकारी के मुताबिक, कई वनकर्मी आज भी बिना जूते, बिना दस्ताने और बिना जरूरी सुरक्षा किट के आग बुझाने के लिए जंगलों में उतर रहे हैं। कई जगहों पर हालात ऐसे हैं कि कर्मचारी चप्पल पहनकर ही आग से जूझते नजर आ रहे हैं। जहां एक छोटी सी चिंगारी कुछ ही मिनटों में भयानक आग का रूप ले सकती है, वहां ये वनकर्मी बिना सुरक्षा के काम कर रहे हैं। फायर वॉचर्स के अनुसार उन्हें जूते, खाद्य सामग्री जैसे गुड़-चना, हाथों के दस्ताने और किट आदि बुनियादी संसाधन अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं ,जिसके अभाव में काम करना मुश्किल हो रहा है। जिससे हमारी सुरक्षा और कार्य क्षमता दोनों ही पर सवालिया निशान लग रहे हैं। दूसरी ओर फायर वॉचर द्वारा पर्याप्त उपकरण और सुरक्षात्मक संसाधन के बिना अपनी जान जोखिम में डालकर जंगल एवं वन्यजीवों को बचाने में जुटे होने की मजबूरी पर वन विभाग के अधिकारियों का रवैया बिल्कुल ही ढुलमुल है ।रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ एवं एसडीओ का दावा है कि फायर कर्मियों के लिए किट ऑर्डर कर दिया गया है, जैसे ही मिलेगा, वैसे ही वितरित कर दिया जाएगा। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब जंगल की रक्षा करने वाले ही सुरक्षित नहीं होंगे, तब जंगल और जंगली जीव जंतुओं तथा कीमती वन्य संपदा की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है?

# त्रिशूल चौक से जल्द हटाये जायेंगे अवैध कब्जाधारी: महापौर

## तीन सदस्यीय कमेटी जांच कमेटी करेगी आपत्तियों की सुनवाई

रुद्रपुर। त्रिशूल चौक पर लगने वाले जाम से जनता को निजात दिलाने के लिए न्यायालय के आदेश पर प्रशासन ने आगे की कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। महापौर विकास शर्मा ने स्पष्ट किया है कि विकास कार्यों और सड़कों के चौड़ीकरण की राह में आने वाले किसी भी अतिक्रमण को बख्शा नहीं जाएगा। त्रिशूल चौक के समीप स्थित दुकानों को लेकर उपजे विवाद पर महापौर ने कहा कि प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ न्यायालय के आदेशों का पालन कर रहा है।जानकारी देते हुए महापौर विकास शर्मा ने बताया कि त्रिशूल चौक के पास कुछ दुकानें नगर निगम की हैं, तो कुछ पर अतिक्रमणकारियों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिला प्रशासन, लोनिवि और नगर निगम ने संयुक्त रूप से इन कब्जाधारकों को नोटिस जारी किए थे। इन नोटिसों के खिलाफ कुछ दुकानदार माननीय न्यायालय की शरण में गए थे। महापौर ने बताया कि



न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को तीन वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाने का आदेश दिया है। महापौर ने स्पष्ट किया कि न्यायालय ने दुकानदारों को एक सप्ताह का समय दिया है ताकि वे कमेटी के सामने अपना पक्ष और भूमि से संबंधित साक्ष्य रख सकें। उन्होंने कहा हमने पहले भी कहा था कि यदि किसी के पास अपनी संपत्ति के वैध कागजात हैं, तो वे दिखाएं। इस पूरी प्रक्रिया के लिए 15 दिन का समय नियत किया गया था, यदि जांच में दस्तावेज सही नहीं पाए जाते, तो अतिक्रमण को तत्काल ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने जन हित को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि त्रिशूल चौक पर वर्तमान में भारी जाम की स्थिति रहती है, जिससे आम जनता को हर दिन जूझना पड़ता है। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए चौक का कट खोलना और सड़कों का चौड़ीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय ने कार्रवाई पर कोई 'स्टे' या रोक नहीं लगाई है, बल्कि केवल पक्ष रखने का मौका दिया है। महापौर ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर शहर के विकास को रोकना न्यायोचित नहीं है। 15 दिनों की निर्धारित अवधि और कमेटी की रिपोर्ट के बाद नगर निगम अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने शहरवासियों को भरोसा दिलाया कि रुद्रपुर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त और सुगम बनाना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में बिना किसी दबाव के कार्य जारी रहेगा।

# नितिन बाल्मीकि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य नामित

किच्छा।उत्तराखंड सरकार द्वारा युवा भाजपा नेता नितिन बाल्मीकि को पार्टी के प्रति उनके समर्पण, सक्रियता एवं संगठनात्मक योगदान को देखते हुए उत्तराखंड सफाई कर्मचारी आयोग में सदस्य के रूप में नामित किया है। अपने मनोनयन पर नितिन बाल्मीकि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी एवं सरकार ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, वह उस पर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा उनके कल्याण के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का कार्य किया है और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आयोग के सदस्य के रूप में वह सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कराने में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।बताते चलें कि नितिन चरण वाल्मीकि पूर्व में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री के पद पर भी कार्य कर चुके हैं और संगठन में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके इस मनोनयन से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में खुशी की लहर है।



# डीवीएस कम्पनी के श्रमिकों ने हड़ताल कर किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल सेक्टर 11 स्थित डीवीएस इण्डस्ट्रीज प्रा. लि. के सैकड़ों श्रमिकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज से अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू कर गांधी पार्क में धरना प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिया। रोषित श्रमिकों का कहना है कि कम्पनी प्रबंधन द्वारा उनका पिछले कई वर्षों सें उत्पीड़न किया जा रहा है। न उनके वेतन में कोई बढ़ोत्तरी की जा रही है और न ही दीवाली पर बोनस ही दिया जा रहा है। अपनी मांगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि



उनका वेतन 18 हजार रूपये प्रति माह किया जाये, सेलरी स्लिप हर माह दी जाये, ओवर टाईम चार घंटे का दिया जाये, दीपावली पर्व पर बोनस दिया जाये, किसी भी कर्मचारी पर काम का अतिरिक्त बोझ न डाला जाये, हर वर्ष महंगाई भत्ता दिया जाये, आन्दोलित किसी भी कर्मी को कम्पनी से न निकाला जाये, केंटीन में दिये जाने वाले खाने की गुणवत्ता सही की जाये, इसके अलावा उन्होंने कम्पनी की श्रमिकों से सम्बंधित अन्य समस्याओं का समाधान करने की भी मांग की। उन्होंने बताया कि इस सन्दर्भ में उन्होंने शुक्रवार को कम्पनी की एचआर हेड किरन व मैन्यूफैक्चरिग मैनेजर संदीप से वार्ता की थी। लेकिन वार्ता का कोई परिणाम नहीं निकला। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं किया जाता वह हड़ताल पर ही रहेंगे। इस दौरान मनोज, रोहित, सतेन्द्र, कमल, लखन, नारायण, योगेन्द्र, बंटी, रिंकू,राजेश, सत्यपाल, त्रिलोक, नवीन, अनिल सहित सैकड़ों श्रमिक मौजूद थे।

# दो वारंटी व एक मारपीट में गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्राजिट कैम्प कोतवाली पुलिस ने 02 वारण्टीयो सहित मारपीट करते एक व्यक्ति को को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार ट्रांजिट कैम्प पुलिस द्वारा वारण्टी अमित शर्मा पुत्र राकेश शर्मा निवासी शिव शक्ति मन्दिर वार्ड न0-39 आवास विकास व रोबिन घोष पुत्र खोकन घोष निवासी आदर्श कालोनी वार्ड 35 को गिरफ्तार किया गया।वहीं कोतवाली ट्राजिट कैम्प पुलिस टीम द्वारा शान्तिव्यवस्था प्रभावित करने पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक महिला की सूचना पर पुलिसकर्मी आवास विकास निवासी निशा के घर पर पहुंचे जहाँ पर एक व्यक्ति मलकीत सिंह पुत्र निर्मल सिंह निवासी आवास विकास गालीगलौच कर हाथापाई कर रहा था उसके व एक महिला के सिर पर चोट लगी थी। पुलिस ने मलकीत सिंह को काफी समझाया पर वह नहीं माना। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया ।

